भारत सरकार
नागर विमानन मंत्रालय
लोक सभा
लिखित प्रश्न संख्या : **2739**
गुरुवार, 22 दिसम्बर, 2022 /1 पौष, 1944 (शक) को दिया जाने वाला उत्तर

राजस्थान के बांसवाड़ा-डूंगरपुर में विमानपत्तन

2739. श्री कनकमल कटारा:

क्या **नागर विमानन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार को राजस्थान के बांसवाड़ा-डूंगरपुर में विमानपत्तन/हवाई पट्टी के निर्माण के लिए कोई प्रस्ताव प्राप्त हुआ है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ग) सरकार द्वारा इस संबंध में क्या कार्रवाई की गई है?

उत्तर

नागर विमानन मंत्रालय में राज्य मंत्री (जनरल) (डा.), विजय कुमार सिंह (सेवानिवृत्त)

(क) से (ग): उड़ान (उड़े देश का आम नागरिक) बाजार की मांग पर आधारित एक योजना है। इच्छुक एयरलाइनें, सीप्लेन प्रचालन सहित विशिष्ट मार्गों पर मांग की अपने आकलन के आधार पर, उड़ान योजना के तहत बोली प्रक्रिया के दौरान अपने प्रस्ताव प्रस्तुत करते हैं। एयरलाइनों का चयन पारदर्शी बोली प्रक्रिया के माध्यम से किया जाता है। कोई भी हवाईअड्डा जिसे उड़ान योजना के अवार्ड किए गए मार्गों में शामिल किया जाता है तथा जिसे आरसीएस प्रचालन शुरू करने हेतु अपग्रेडेशन/विकास कार्य की आवश्यकता है, का विकास 'अपरिचालित एवं अल्पपरिचालित हवाईअड्डों/हेलीपोर्टों/वॉटर एयरोड्रोमों का जीर्णोद्धार/स्तरोन्नयन' योजना के तहत किया जाता है।

बांसवाड़ा हवाईपट्टी उड़ान योजना दस्तावेज़ में शामिल है। किसी भी एयरलाइन बोलीदाता ने अब तक सम्पन्न हुए उड़ान योजना के दौरों में, बांसवाड़ा हवाईपट्टी को अन्य शहरों से जोड़ने के लिए कोई प्रस्ताव प्रस्तुत नहीं की है। तथापि, यदि कोई एयरलाइन बोली प्रक्रिया के आगामी दौरों के अंतर्गत बांसवाड़ा, राजस्थान से उड़ान के तहत उड़ानों के प्रचालन हेतु वैध बोली प्रस्तुत करती है, तो उस पर योजना दस्तावेज़ के प्रावधानों के अनुसार विचार किया जाएगा।

****